उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पी० के० थुंगन) : (क) और (ख) सरकारी क्षेत्र के प्रत्येक उपक्रम ने आचरण, अनुशासन एवं अपील संबंधी अपने नियम बना रखे हैं तथा अपना आन्तरिक सतर्कता एकक भी स्थापित कर रखा है । सरकारी क्षेत्र के सम्बद्ध उपक्रम का प्रबन्धन, यदि आवश्यक हो तो केंद्रीय सतर्कता आयोग एवं केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो जैसे अभिकरणों के परामर्श से, भ्रष्टाचार, नियुक्तियों, पदोन्नति तथा सेवन आदि से संबंधित शिकायतों की जांच करता है । सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों के प्रबंधन निदेशक मंडल स्तर से नीचे के अपने कर्मचारियों से संबंधित ऐसी शिकायतों के संबंध में निर्णय करने हेतु पूर्णरूपेण सक्षम है । निदेशक मण्डल स्तर के अधिकारियों के मामले में, जहां राष्ट्रपति नियोक्ता अधिकारी होता है, केंद्रीय सरकार द्वारा केंद्रीय सतर्कता आयोग के परामर्श से अंतिम निर्णय किया जाता है । केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो भी सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों मंत्रालयों तथा निजी या अन्य स्रोतों से सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों में भ्रष्टाचार आदि संबंधी शिकायत प्राप्त करने पर इन शिकायतों की जांच करता है । । केंद्रीय सरकारी क्षेत्र के कुल 244 उपक्रमों से संबंधित ऐसी शिकायतों के कुल आंकडे तथा प्रत्येक शिकायत संबंधी कार्रवाई की स्थिति/लंबित शिकायतों की संख्या आदि का ब्यौरा केंद्रीय सरकार में नहीं रखा जाता ।

हानि उठा रहे सरकारी क्षेत्र के उपक्रम

2160. **डा० जिनेन्द्र कुमार जैन :**
श्री राम जेठमलानी :

क्या **प्रधान** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों को होने वाले कुल नुकसान का 80% नुकसान 83 उपक्रमों द्वारा ही किया जाता है ;

(ख) यदि हां, तो क्या यह सच है कि इनमें से आधे उपक्रम वे हैं जिन्हें पिछले वर्षों में निजी क्षेत्र से उनमें घटित अनियमितताओं के कारण सरकार को अधिग्रहण करना पड़ा था ; यदि हां, तो ऐसे उपक्रमों के नाम क्या हैं ; और

(ग) क्या सरकार उनके घाटे को समाप्त करने के लिए इन उपक्रमों के प्रबंध और क्रियाकलाप में परिवर्तन करने का विचार रखती है ; यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पी० के० थुंगन) : (क) जी, हां ।

(ख) जी, नहीं ।

(ग) सरकार ने रुग्ण औद्योगिक कम्पनी (विशेष प्रावधान) अधिनियम, 1985 के मौजूदा प्रावधानों को संशोधित कर सरकारी क्षेत्र के रुग्ण उद्योगों को औद्योगिक एवं वित्तीय पुनर्गठन मण्डल को सौंपने का निर्णय किया है ताकि उनके नवीकरण/पुर्स्थापन की योजनायें बनाई जा सकें । योजना निर्माण के एक भाग के रूप में मण्डल (बोर्ड) इन उद्यमों के प्रबंधन तथा क्रियाकलापों में परिवर्तन करने का निर्णय कर सकता है ।

2161. [*Transferred to the 16th December, 1991.*]

हैवी इंजीनियरिंग कारपोरेशन रांची की कार्य-क्षमता

2162. **श्री शारदा महतो :**
श्री चिमन भाई महता :
श्री शंकर दयाल सिंह :

क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सरकार हैवी इंजीनियरिंग कारपोरेशन की स्थापित कार्यक्षमता का कितना उपयोग कर रही है ;

(ख) क्या यह सच है कि भारतीय इस्पात प्राधिकरण लिमिटेड और कुछ अन्य सरकारी उपक्रम हैवी इंजीनियरिंग कारपोरेशन को कार्य आदेश

देने की बजाय निजी कंपनियों को कार्य-आदेश दे देते हैं ; और

(ग) क्या सरकार इस मामले में जांच करने के पश्चात् उचित कार्यवाही करने का विचार रखती है ?

उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पी० के० थुंगन) : (क) एच० ई० सी० के तीन निर्माणकारी संयंत्रों में पिछले तीन वर्षों के दौरान स्थापित कार्य क्षमता और उनका उपयोग नीचे दिया गया है :—

संयंत्र	क्षमता	1988–89	1989–90	1990–91
		उपयोगिता (प्रतिशतता)		
एच.एम.बी.पी.	40,000 एम.टी. प्र.व.	64.7	52.8	24.4
एफ.एफ.पी.	44,580 एम.टी. प्र.व.	48.7	44.7	36.6
एच.एम.टी.पी.	120 मशीन औजार, प्र.व.	70.8	69.5	69.8

(ख) हैवी इंजीनियरिंग कारपोरेशन लिमिटेड को पूरी तरह ध्यान में रखने के पश्चात् ही भारतीय इस्पात प्राधिकरण लिमिटेड और अन्य सरकारी उपक्रम निजी कंपनियों को क्रयादेश देते हैं ।

(ग) सरकार हैवी इंजीनियरिंग कारपोरेशन लिमिटेड को क्रयादेश प्राप्त करने में सहायता दे रही है ।

Shutting down of industrial units

2163. SHRI MURLIDHAR CHANDRAKANT BHANDARE: Will the PRIME MINISTER be pleased to state:

(a) whether Government have any scheme under its consideration to prevent industrial units from shutting down or diversifying investment into more lucrative areas to the detriment of the interests of labour; and

(b) if so, the details of the scheme and the decision, if any, taken in the matter?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF INDUSTRY (SHRI P. J. KURIEN): (a) and (b) The New Industrial Policy announced in July, 1991 declares that Government will fully protect th interests of the labour in the context c technological change. The Financ Minister's speech presenting the Budge for 1991-92 announced that Governmen will established a National Renewal Fun whose objective would be to provid ameliorative measures for workers affecte in the course of technical change and t equip them to be in a position to remai active productive partners in the proces of modernisation.

Proposal to manufacture diesel cars

2164. SHRI MURLIDHAR CHANDRAKANT BHANDARE: Will the PRIME MINISTER be pleased to state:

(a) whether it is a fact that a Saler based entrepreneur has recently submitte a proposal to Government for manufactur of 350 cc capacity cars for small middl class families which would be diesel run and fully indigenous, costing only R 60,000/- giving mileage of 45 kms/per litr with 3 seater capacity; and

(b) if so, what is Government's reactio thereto?